क्रम संख्या 01/आ

~~राभा 5(27)/2022~~
राभा 3(4)/2020
राभा 2020/48

सं. ई-11016/1/2019-हिंदी

भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

परिवहन भवन, 1, संसद मार्ग,

नई दिल्ली- 110001

दिनांक : 07 जनवरी, 2020

23 JAN 2020

58421

सेवा में

महानिदेशक,

नौवहन महानिदेशालय,

नौवा तल, बीटा बिल्डिंग, आई-थिंक टैक्नो कैंपस,

कंजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-400042

विषय : पोत परिवहन मंत्रालय की हिंदी गृह पत्रिका 'नौतरणी' के छठे अंक में प्रकाशित करने के लिए लेख आमंत्रित करना एवं प्रकाशित होने वाली रचनाओं के लिए मानदेय।

महोदय,

उपर्युक्त के संबंध में सूचित किया जाता है कि पोत परिवहन मंत्रालय की हिंदी गृह पत्रिका 'नौंतरणी' का छठा अंक प्रकाशित किया जाना है। इसमें प्रकाशित करने हेतु, दिनांक 18 दिसंबर, 2019 को आयोजित मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आपके कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों से पोत परिवहन, राजभाषा हिंदी, समसामायिक एवं साहित्यिक रचनाएं जैसे लेख, कहानी, नाटक, एकांकी, कविता एवं पुस्तक समीक्षा आदि आमंत्रित किए जाते हैं। पत्रिका में प्रकाशन हेतु संपादक मंडल द्वारा चयन किए गए लेखों को निम्नानुसार मानदेय दिए जाने की व्यवस्था है:

रचना का प्रकार	मानदेय
लेख, कहानी, नाटक एकांकी :	पत्रिका में प्रकाशित नियमित लेख- 2000/-रु. (दो हजार रु.मात्र)
कविता	600/- रु. (छह सौ रु. मात्र)
पुस्तक समीक्षा	900/- रु. (नौ सौ रु. मात्र)

2. अत: आपसे अनुरोध है कि 'नौतरणी' के छठे अंक में प्रकाशन हेतु अपने कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौलिक रचनाएं दिनांक 20 जनवरी, 2020 तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करवाएं।

इसे संयुक्त सचिव (पोत परिवहन/राजभाषा) के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

भवदीया,

निपाहवा

(निर्मला पाहवा)

सहायक निदेशक (राजभाषा)

दूरभाष: 23318215

ई-मेल: nirmala.pahwa@nic.in